हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

वर्तमान निदेशक मंडल

श्री राणा सोम
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्री आर. के. भार्गव
श्री हेम पान्डे

कंपनी सचिव

श्री सी. एस. सिंघी

लेखा परीक्षक

मेसर्स एम. सी. भंडारी एंड कंपनी, कोलकाता
मेसर्स दिनेश मेहता एंड कंपनी, नयी दिल्ली

बैंकर

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर
इंडियन ओवरसीज बैंक
युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया
सिंडिकेट बैंक
पंजाब नेशनल बैंक
स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद

पंजीकृत कार्यालय

ताम्र भवन
1, आशुतोष चौधरी एवेन्यू
कोलकाता - 700 019

विषय सूची

- निदेशक मंडल 1
- निदेशक मंडल का प्रतिवेदन 3
- निदेशक मंडल के प्रतिवेदन का परिशिष्ट 19
- लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ 20
- 10 वर्षों पर एक दृष्टि 24
- लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन 25
- लेखा नीतियाँ 30
- तुलन पत्र 34
- लाभ एवं हानि लेखा 35
- लेखा की सारणियाँ 36
- टाउनशिप एवं सामाजिक सुविधाओं पर पूँजीगत व्यय 56
- सामाजिक उपरिव्यय सहित टाउनशिप पर व्यय 57
- तुलन पत्र का सारांश तथा कंपनी के सामान्य व्यवसाय की रूपरेखा 58
- नकदी स्थिति का विवरण 59

निदेशक मंडल का प्रतिवेदन

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड
कोलकाता के शेयरधारको

1. आपके निदेशक 31 मार्च, 2004 को समाप्त वर्ष के लिए लेखों का लेखा परीक्षित विवरण तथा लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन के साथ कंपनी का छत्तीसवाँ वार्षिक प्रतिवेदन सहर्ष प्रस्तुत कर रहे हैं :

2. सामान्य

2.1 वर्ष 2003-2004 के दौरान प्रमुख मदों के संबंध में कंपनी का उत्पादन कार्य-निष्पादन नीचे प्रस्तुत है :

मद	1. 4. 2003 से 31. 3. 2004		
	लक्ष्य	वास्तविक	उपलब्धि %
अयस्क उत्पादन ('000टन)	3061	2895	95
सांद्र धातु (टन)	30000	28306	94
कैथोड (टन)	40000	30598	76
वायर राड (टन)	35000	28003	80
वायर बार (टन)	—	455	—

2.2 31 मार्च, 2004 को समाप्त वर्ष के दौरान ताँबे की बिक्री 30144 टन हुई। वर्ष के दौरान रु. 499.28 करोड़ का कारोबार हुआ और कंपनी को वर्ष 2002-2003 में रु. 147.70 करोड़ के शुद्ध घाटे की तुलना में वित्त वर्ष 2003-2004 में रु. 56.16 करोड़ का घाटा हुआ।

2.3 2003-2004 के दौरान जनशक्ति में कुल 1870 की कमी हुई, जिसमें से 1808 को स्वै. से. नि. योजना द्वारा पृथक किया गया। स्वै. से. नि. योजना द्वारा 1808 कर्मचारियों को पृथक करने पर रु. 126.75 करोड़ की लागत आयी। 31.3.2004 को हि.कॉ.लि. की कुल जनशक्ति 5995 थी।

3.1 वर्ष 2003-2004 के दौरान मलंजखंड ताम्र परियोजना में हुआ 23.21 लाख टन अयस्क उत्पादन तथा सांद्रक संयंत्र में 93.58% की वसूली अब तक की सर्वोच्च कीर्तिमान थी।

3.2 वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा उत्पादित गौण उत्पाद निम्न प्रकार थे :-

सोना- 195 कि.ग्रा., चाँदी - 3207 कि.ग्रा., गंधकाम्ल - 20439 टन, सेलेनियम - 2357 कि.ग्रा., निकल सल्फेट - 10 टन

4. विद्युत आपूर्ति की स्थिति

आईसीसी इकाई को छोड़कर कंपनी की सभी इकाइयों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति कमोबेश संतोषजनक रही। आईसीसी में झा.रा.वि.प. के भुगतान दोष के कारण दा.घा.नि. द्वारा यदाकदा विद्युत कटौती की गई। हिकॉलि ने इस विषय को दा.घा.नि. और झा.रा.वि.प. के समक्ष उठाया है और अद्यतन स्थिति तुलनात्मक स्थिर है।

5. ऊर्जा संरक्षण

हि. कॉ. लि. ने अयस्क खनन से ताम्र धातु तथा अन्य गौण उत्पादों को निकालने की प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों पर ऊर्जा संरक्षण

3. उत्पादन कार्य निष्पादन

उत्पाद	2003 - 2004 (अप्रैल 2003 से मार्च 2004)				2002 - 2003 (अप्रैल 2002 से मार्च 2003)			
	केसीसी	आईसीसी	एमसीपी	कुल	केसीसी	आईसीसी	एमसीपी	कुल
उद्वाहित अयस्क ('000 टन)	574	–	2321	2895	702	89	2273	3064
अयस्क पेषण ('000 टन)	678	–	2265	2943	738	89	2318	3145
सांद्र धातु (टन)	6249	–	22057	28306	7306	786	22732	30824
फफोलेदार ताँबा (टन)	28173	2697	–	30870	29281	15313	–	44594
कैथोड (टन)	27303	3295	–	30598	24026	12549	–	36575
सी सी वायर राड (टन)	–	–	–	28003	–	–	–	30346

केसीसी-खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स, आईसीसी-इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स, एमसीपी-मलंजखंड ताम्र परियोजना

उपायों को निरन्तर प्राथमिकता दी है। प्रचालन को ऊर्जा दक्ष बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। कंपनी ने उत्पादन के अधिकांश क्षेत्रों में विशिष्ट उपभोग की दर में गत वर्षों की तुलना में कमी लाने में सफलता प्राप्त की। इस संबंध में केसीसी और मताप (आईसीसी वर्ष के अधिकतम भाग में बंद थी) में हासिल उपलब्धियां नीचे दी गई है :

	विशिष्ट उपभोग	इकाई	2003-04	2002-03
1.	केसीसी खान ऊर्जा	किलोवाट घंटा/टन	23.60	26.23
2.	केसीसी प्रगालक ऊर्जा एसटीपी सहित	किलोवाट घंटा/टन	1203.38	1275.95
3.	केसीसी रिफाइनरी ऊर्जा	किलोवाट घंटा/टन	361.91	372.28
4.	केसीसी गंधकाम्ल ऊर्जा	किलोवाट घंटा/टन	295.65	412.38
5.	मताप अयस्क पेषण ऊर्जा	किलोवाट घंटा/टन	19.22	19.34
6.	केसीसी प्रगालक ईंधन उपभोग	लीटर/टन	696.08	848.20
7.	केसीसी प्रगालक आक्सीजन उपभोग	एनएम^3/टन	684.71	703.31

6. वित्तीय

6.1 वर्ष 2003-2004 (अप्रैल 2003 से मार्च 2004) के दौरान कंपनी के वित्तीय परिणाम वर्ष 2002-2003 (अप्रैल 2002 से मार्च 2003) की तुलना में संक्षेप में निम्नलिखित हैं :

(करोड़ रु.)

	मद	2003-2004	2002-2003
क.	बिक्री	499.28	505.68
ख.	उत्पादन का मूल्य	514.84	501.53
ग.	मूल्यह्रास, प्रावधान और बट्टे खाते तथा ब्याज को छोड़कर उत्पादन लागत	481.11	554.56
घ.	मूल्यह्रास, प्रावधान और बट्टे खाते तथा ब्याज पूर्व लाभ/(हानि)	33.73	(53.03)
ङ.	मूल्यह्रास और प्रावधान एवं बट्टे खाते	30.26	35.10
च.	ब्याज	59.63	59.57
छ.	कर पूर्व लाभ/(हानि)	(56.16)	(147.70)
ज.	कर के लिए प्रावधान	0.00	0.00
झ.	करोत्तर लाभ/(हानि)	(56.16)	(147.70)
ट.	वर्धित मूल्य	209.42	147.37

6.2 नकद घाटा वर्ष 2002-2003 के रु. 112.60 करोड़ की तुलना में 2003-2004 के दौरान रु. 25.90 करोड़ था।

6.3 31.3.2004 को कंपनी का पूँजीगत ढाँचा निम्न प्रकार रहा:

शेयर पूँजी	(करोड़ रु.)
क. अधिकृत पूँजी	
(i) प्रत्येक रु. 10/- के ईक्विटी शेयर	700.00
(ii) प्रत्येक रु. 1000/- के 7.5% वाले नान क्युमुलेटिव प्रिफरेन्स शेयर	200.00
ख. निगमित, अभिदत्त एवं प्रदत्त पूँजी	
(i) ईक्विटी शेयर	362.88
(ii) 7.5% वाले नान क्युमुलेटिव प्रिफरेन्स शेयर	180.73
ग. आबंटन के लिए शेष शेयर राशि	365.34

6.4 सरकार द्वारा ईक्विटी में निवेश

वर्ष 2003-04 के दौरान हि.कॉ.लि. ने ईक्विटी के रूप में सरकार से रु. 113.84 करोड़ प्राप्त किए, जिसमें योजना व्यय के लिए रु. 20.00 करोड़ तथा शेष रु. 93.84 करोड़ कार्यकारी पूँजी के रूप में पिछली देयताओं और नकद घाटे को पूरा करने के लिए थे।

6.5 सरकार से सहायता अनुदान

वर्ष 2003-04 के दौरान हि.कॉ.लि. ने सरकार से रु. 25.00 करोड़ स्वै. सेवा-निवृत्ति योजना द्वारा जनशक्ति को पृथक करने के लिए सहायता अनुदान के रूप में प्राप्त किए।

6.6 बांड (सुरक्षित और असुरक्षित)

कुल रु. 63.33 करोड़ के 14% असुरक्षित निजी तौर पर दिए गए बांड में से कंपनी द्वारा पहले ही रु. 39.83 करोड़ प्रतिदेय कर दिए जाने के फलस्वरूप रु. 23.50 करोड़ शेष है।

31.3.2004 को कुल बांड एवं डिबेंचर देयता का विवरण निम्नलिखित रहा:

(करोड़ रु.)

14.00% असुरक्षित बांड	23.50
14.75% सुरक्षित बांड	8.59
15.00% सुरक्षित बांड	29.53
10.65% सुरक्षित बांड	150.00
14% डिबेंचर	87.50
कुल	299.12

बांड और डिबेंचर और भी प्रतिदेय कर दिए गए हैं तथा इस रिपोर्ट की तिथि को बकाया देयता स्थिति इस प्रकार थी : 14% असुरक्षित

बांड - रु.15.80 करोड़, 14.75 % सुरक्षित बांड - रु. 4.91करोड़, 15% सुरक्षित बांड - शून्य, 10.65% सुरक्षित बांड -रु. 150 करोड़ और 14% डिबेंचर - रु. 81.25 करोड़।

6.7 राजकोष में अंशदान

वर्ष 2003-2004 के दौरान कंपनी ने नियमानुसार कुल 94.16 करोड़ रु. का अंशदान राजकोष में किया, जो नीचे प्रस्तुत हैः

(करोड़ रु.)

विवरण	
उत्पादन शुल्क	69.68
सीमा शुल्क	2.04
बिक्री कर	9.12
रायल्टी एवं उपकर	10.18
अन्य	3.14
कुल	94.16

6.8 विदेशी मुद्रा में व्यय

2003-2004 के दौरान कंपनी ने कच्चे माल, घटकों, भंडार वस्तुओं तथा अतिरिक्त पुर्जों और मशीनों आदि के आयात पर रु. 47.90 करोड़ की विदेशी मुद्रा व्यय की है। इसमें मुख्यतः सान्द्र के आयात हेतु रु. 45.68 करोड़ तथा घटकों, अतिरिक्त पुर्जों और भंडार पर रु. 2.14 करोड़ का व्यय शामिल है।

6.9 विदेशी मुद्रा अर्जन

वर्ष 2003-04 के दौरान कंपनी ने रिवर्टों का निर्यात कर का 2002-03 के रु. 9.97 करोड़ की तुलना में रु. 20.90 करोड़ की विदेशी मुद्रा अर्जित की।

7. विपणन

7.1 वर्ष 2002-03 के 3099 मी. टन प्रतिमाह की औसत बिक्री की तुलना में वर्ष 2003-2004 के दौरान 2512 मी. टन मासिक औसत से ताँबे की कुल बिक्री 30144 मी. टन हुई।

7.2 2002-03 के 2476 मी. टन औसत बिक्री के विपरीत वर्ष 2003-2004 के दौरान सी.सी. राड की बिक्री 2300 के औसत से 27603 मी. टन हुई।

7.3 2002-03 के 5114 मी. टन की तुलना में वर्ष के दौरान कैथोड एवं विविध ताँबे की बिक्री 2080 मी. टन थी।

7.4 2002-03 के 2366 मी. टन के विपरीत उपर्युक्त कुल ताँबे की बिक्री में से वायर बार की बिक्री 461 मी. टन थी।

7.5 2003-04 में मुख्यतः जेली फिल्ड टेलीकॉम केबल के ग्राहकों द्वारा कम माल उठाने के कारण सी सी राड की बिक्री कम हुई क्योंकि दूर संचार विभाग द्वारा आदेशों को अंतिम रूप देने में देर हुई थी और मात्रा भी कम थी।

जुलाई, 2003 से आईसीसी में प्रमुख शट डाउन के कारण 2003-04 के दौरान कॉपर कैथोड की उपलब्धता घट गई थी और हि.का.लि. को मिश्र उत्पाद की योजना बनानी पड़ी, जिसने अधिकतम वसूली दी। इसलिए अस्थायी रूप से 2003-04 में वायर बार का उत्पादन नहीं किया गया। इसके अलावा 2003-04 में भारत सरकार की टकसालों द्वारा वर्ष के दौरान नया आदेश नहीं दिये जाने के फलस्वरूप कोई माल नहीं उठाया गया। इसलिए भी कैथोड की बिक्री में कमी आयी है।

8. नई परियोजनाओं/विस्तार योजनाओं की प्रगति

वर्ष के दौरान कोई नई परियोजनाएँ/विस्तार योजनाएँ हाथ में नहीं ली गई।

9. लघु उद्योगों एवं सहायक इकाइयों का विकास

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड की सभी इकाइयाँ अपने क्षेत्र और आसपास के लघु उद्योगों एवं सहायक इकाइयों से सामग्री लेकर उन्हें प्रोत्साहित करने के संबंध में सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करती रही। लघु उद्योगों/एनएसआईसी इकाइयों से ग्राइंडिंग मीडिया, अर्थ मूविंग उपकरण तथा अतिरिक्त पुर्जे आदि जैसे सामान नियमित रूप से खरीदे जाते हैं। लघु उद्योगों एवं सहायक इकाइयों को आयात विकल्प सामानों के विकास के लिए भी सहायता प्रदान की जाती है।

10. अनुसंधान एवं विकास

i) विशिष्ट क्षेत्र जिनमें वर्ष के दौरान अ. एवं वि. गतिविधियाँ की गयीं: कुछ नहीं।

ii) अ. एवं वि. के परिणामस्वरूप मिले लाभ : कुछ नहीं।

iii) भावी कार्य योजना : हि.कॉ.लि द्वारा 2004-05 में कार्यारम्भ करने के लिए दो योजनाएं हाथ में ली गई हैं। एक का संबंध एमसीपी में लीन ग्रेड सल्फाइड अयस्क में जैव-विक्षालन से है और दूसरी का संबंध आक्सीडाईज्ड अयस्क के सज्जीकरण के लिए रिएजेन्टों के समुचित सम्मिश्रण के चयन से है। प्रथम योजना की परियोजना तैयार कर ली गई है और एस एंड टी सहायता के लिए प्रशासनिक मंत्रालय को भेज दी गयी है। दूसरी परियोजना टाटा रिसर्च डेवलपमेंट एंड डिजाइन सेंटर के परामर्श में तैयार की जा रही है।

iv) अ. एवं वि. पर व्यय : लागू नहीं होता।

11. विज्ञान एवं तकनीकी /तकनीकी अन्तर्लयन

वर्ष के दौरान कंपनी ने प्रक्रिया लागत में कमी के ध्येय से प्रचालनीय प्रथाओं में सुधार पर ध्यान केन्द्रित किया। वर्ष के दौरान कोई नई तकनीकी का अन्तर्लयन नहीं किया गया।

12. कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध

12.1 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान हि. कॉ. लि. में औद्योगिक संबंध की स्थिति शांतिपूर्ण और सौहार्द्रप्रद रही।

12.2 औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 25 (ओ) के तहत श्रम मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 5.6.2003 के पत्र सं.एल-42024/53/2002- औ.सं. (विविध) द्वारा मंजूर अनुमति के अनुसार 17. 6. 2003 से हिन्दुस्तान कॉपर लि. की मुसाबनी स्थित सुरदा खान एवं अन्य इस्टेब्लिशमेंटों को बंद कर दिया गया। कामगारों को कंपनी की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना द्वारा पृथक कर दिया गया। तथापि, सुरदा खान को वर्कर्स को-आपरेटिव द्वारा चलाने का निर्णय किया गया है, जिसके लिए सरकारी अनुमोदन भी प्राप्त हो गया है।

12.3 श्रम मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 1. 10. 2003 के पत्र सं 42024/54/2002- औ.सं. (विविध) द्वारा खेतड़ी खान बंदी की अनुमति भी प्राप्त हो गयी थी। तथापि खेतड़ी तांबा खान की बंदी के लिए मंजूर अनुमति के विरूद्ध केसीसी में कार्यरत चार पंजीकृत श्रमिक संघों ने माननीय उच्च न्यायालय, राजस्थान, जयपुर में रिट याचिका दायर की। माननीय उच्च न्यायालय ने खेतड़ी खान की बंदी पर स्थगन लगा दिया। माननीय न्यायालय का अन्तिम निर्णय लंबित रहने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार (लं.धा.बा) में ताँबे के बढ़े हुए मूल्य का लाभ उठाने के लिए खेतड़ी खान के निलंबनाधीन प्रचालनों को फिर से चालू कर दिया गया।

13. स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की स्थिति

रु. 126.75 करोड़ के सहायता अनुदान का उपयोग करते हुए वित्तीय वर्ष 2003-04 के दौरान 1808 कर्मचारियों को स्वै. सेवानिवृत्ति देकर कार्यमुक्त कर दिया गया।

14. अ. जा./अ. ज. जा./अ. पि. व. के उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए आरक्षण

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के पदों के आरक्षण के लिए राष्ट्रपति के निर्देशों का पूरा-पूरा अनुपालन किया जाता है। 31. 3. 2004 को कंपनी के कुल 5995 कर्मचारियों में से 15.60%, 12.43% और 11.68% कर्मचारी क्रमशः अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के थे। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कोई नियुक्ति नहीं हुई।

15. प्रबंध में कर्मचारियों की भागीदारी

वर्षों से कंपनी में सौहार्दप्रद औद्योगिक संबंध का आधार स्तम्भ कर्मचारियों की प्रबंध में भागीदारी रहा है। तीनों स्तर नामतः शीर्ष स्तर, इकाई स्तर और शॉप फ्लोर स्तर पर विभिन्न द्विपक्षीय मंचों के सफलतापूर्वक प्रचालन ने लागत में कमी और उत्पादन, सुरक्षा, कल्याण आदि के क्षेत्रों में अत्यधिक योगदान किया है।

16. साम्प्रदायिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता

खेतड़ी, मलंजखंड और घाटशिला के साथ-साथ अन्य कार्य-स्थलों में स्थित टाउनशिपों में विभिन्न जाति, मत, धर्म के कर्मचारी एकता की भावना के साथ रहते हैं और सभी धार्मिक उत्सवों को धूमधाम से मनाते हैं।

17. महिलाओं के रोजगार की स्थिति

31. 3. 2004 को हि. कॉ. लि. की कुल संख्या की तुलना में वर्गवार महिला कर्मचारियों की संख्या नीचे दी गई है:

वर्ग	कुल संख्या	महिला कर्मचारियों की संख्या	कुल संख्या में महिला कर्मचारियों का प्रतिशत
वर्ग - क	664	16	2.41
वर्ग - ख	160	11	6.88
वर्ग - ग	4253	140	3.29
वर्ग - घ	918	163	17.76
कुल	5995	330	5.50

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार हि. कॉ. लि. ने अपनी सभी इकाइयों तथा कार्यालयों में "कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम" के लिए समितियाँ गठित की हैं। हि. कॉ. लि. के आचरण, अनुशासन तथा अपील नियमों में भी इस संबंध में एक प्रावधान शामिल किया गया है।

रिपोर्ट वर्ष के दौरान कर्मचारियों में लिंग के आधार पर कोई भेदभाव करने की घटना प्रकाश में नहीं आयी है।

18. मानव संसाधन विकास

कंपनी द्वारा सभी स्तर के कर्मचारियों की कार्य कुशलता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण एवं विकास को समुचित महत्व दिया जाता हैं।

उत्पादन, उत्पादकता एवं लाभप्रदता के बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए तेजी से बदल रही प्रौद्योगिकी की प्रकृति समझने/अद्यतन तकनीकी को अपनाने के लिए कर्मचारियों को तैयार करने के अलावा संगठन रचना और सही रूख अपनाने, टीम भावना विकसित करने तथा कार्य संस्कृति पर विशेष बल दिया गया।

कामगार

सांविधिक, सुरक्षा, तकनीकी एवं कार्यकारी कार्यक्रमों के अलावा कामगारों को सामान्य शिक्षा एवं विकास कार्यक्रमों के लिए भी मुक्त किया गया। समाज के कमजोर वर्गों यथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कामगारों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। हमारी परियोजनाओं के प्रशिक्षण केन्द्रों में कुल 1359 कामगारों ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया।

पर्यवेक्षक

उत्पादकता, सुरक्षा, लागत नियंत्रण, सम्प्रेषण एवं मानव संबंधों पर पर्यवेक्षीय विकास कार्यक्रमों में 66 प्रथम पंक्ति के शॉप फ्लोर एवं खान पर्यवेक्षकों ने भाग लिया।

कार्यपालक

कार्यपालकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की सुनियोजित शिनाख्त के आधार पर देश में उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ संकाय को लेकर कंपनी में प्रबंध विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए। 348 कार्यपालकों को या तो कंपनी के घरेलू कार्यक्रमों के लिए मुक्त किया गया अथवा देश में विभिन्न संस्थानों द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में प्रतिभूत किया गया।

19. हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

कंपनी के कार्यालयों एवं इकाइयों में हिन्दी पखवाड़ा, हिन्दी सप्ताह, हिन्दी दिवस मनाया गया, जिसके अंतर्गत अनेक हिन्दी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में माननीय गृह मंत्री, खान राज्य मंत्री, मंत्रिमंडल सचिव और अध्यक्ष महोदय के संदेश पढ़े जाने के लिए सभी कार्यलयों/इकाइयों में वितरित किए गए। 2003-2004 के दौरान कंपनी में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रबल प्रयास किए गए। प्रधान कार्यालय और इकाइयों में हिन्दी कार्यशालाओं का संचालन कर कर्मचारियों को अपने कार्यसाधक ज्ञान का अपने दैनन्दिन कार्यालयीन कार्यों में प्रयोग बढ़ाने के संबंध में प्रेरित किया गया। राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जाँच बिन्दुओं को और प्रभावी बनाया गया। हिन्दी में प्राप्त सभी पत्रों का उत्तर शत प्रतिशत हिन्दी में दिया गया। प्रधान कार्यालय में अध्यक्ष महोदय तथा इकाइयों में इकाई प्रधान की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने अपनी तिमाही बैठकों में हिन्दी की प्रगति तथा इसके मार्ग में आने वाली कठिनाइयों की नियमित समीक्षा की। 26 मई, 2003 और 8 अक्तूबर, 2003 को सम्पन्न खान मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति की दोनों बैठकों में अध्यक्ष महोदय ने भाग लिया। 4 नवम्बर, 2003 को संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति ने हि.कॉ.लि. के प्रधान कार्यालय का दौरा किया और कार्यालय में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग का विस्तार से निरीक्षण किया तथा हिन्दी के प्रयोग को सुधारने और बढ़ाने के लिए कई सुझाव दिए, जिन पर कार्रवाई की जा रही है। कंपनी की वेबसाइट को द्विभाषिक बना दिया गया है। कंपनी की सभी स्टाम्पों को द्विभाषिक बना दिया गया है। कम्प्यूटर में हिन्दी प्रयोग को और बढ़ाया गया। वर्ष 2002-03 का कंपनी का वार्षिक प्रतिवेदन अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी में भी प्रकाशित किया गया है। निगम स्तर पर कार्यालय आदेश जारी कर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हिन्दी में हस्ताक्षर करने तथा फाइलों में ज्यादा से ज्यादा टिप्पणियाँ हिन्दी में लिखने के निर्देश दिए गए हैं।

20. सुरक्षा

हि. कॉ. लि. की सभी गतिविधियों में सुरक्षा को निरन्तर प्राथमिकता दी जाती रही है। 2003-2004 के दौरान खान में कुल 6 घटनाएं हुई, जो 2002-2003 के दौरान हुई 10 दुर्घटनाओं की तुलना में 40% कम है। दो इकाइयाँ यथा केसीसी और आईसीसी ने खानों में शून्य दुर्घटना की रिपोर्ट दी है। वर्ष के दौरान कोई घातक दुर्घटना नहीं हुई।

खान में सुरक्षा पर फरवरी, 2002 को हुए 9वें सम्मेलन की अनुशंसाओं तथा त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठकों में लिए गए निर्णयों को कार्यान्वित किया गया है। सुरक्षा संबंधी विषयों पर निगम स्तर की बैठकों में परियोजना प्रधानों तथा मान्यता प्राप्त श्रमिक संघों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित रूप से विचार विमर्श किया जाता है।

21. सतर्कता गतिविधियाँ

अच्छे नियंत्रण के लिए आकस्मिक निगरानी/नियमित निरीक्षण किए गए। सांविधिक एजेंसियों को रिटर्न और रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और मु.सु.आ. से समय-समय पर प्राप्त दिशा निर्देशों का

एहतियाती और निवारक उपायों के रूप में पालन तथा अनुसरण किया गया। प्रधान कार्यालय सहित सभी इकाइयों में 31 अक्तूबर से 6 नवम्बर, 2003 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह के आयोजन द्वारा जागरूकता पैदा करने का अभियान चलाया गया। भ्रष्टाचार के दायरे को न्यूनतम करने तथा कार्य प्रणालियों और प्रक्रियाओं को सुधारने के लिए प्रबंधन की सहायता करने के अभिप्राय से निवारक सतर्कता पर जोर दिया गया।

22. भावी परिदृश्य

2003-04 की अंतिम तिमाही में शुद्ध लाभ दर्ज कर हि.कॉ.लि. वर्ष 2004-05 में कंपनी के निर्णायक टर्न अराउन्ड के होने की प्रतीक्षा करता है। जहाँ ताँबे के उच्च लंदन धातु बाजार मूल्य से कंपनी में खनन और अन्य प्रचालनों की समग्र व्यवहार्यता में सुधार हुआ है, वहीं हि.कॉ.लि. वर्ष 2004-05 में खनन उत्पादन उत्कृष्ट बनाने, ऊर्जा और आक्सीजन की लागत कम करने और उच्चतम उत्पादन और वसूली प्राप्त करने के लिए प्रचालन दक्षता उन्नत करने और निविष्टों के विशिष्ट उपभोगों में कमी करने के लिए मजबूती के साथ कदम बढ़ाएगा। ठोस कार्रवाई करने का दूसरा क्षेत्र होगा बातचीत के माध्यम से ब्याज दर में कमी करना और ऋणों में पुनर्भुगतान और पुनर्संरचना के द्वारा ब्याज लागत कम करना। इसी बीच कंपनी ने पुरानी मशीनों और उपकरणों की मरम्मत तथा बदलने के लिए एक विशेष अभियान चलाया है। निधि की कमी के कारण विगत कुछ समय से इस कार्य को अनदेखा कर दिया गया था। खनन उपकरणों को समुन्नत और खनन विकास कार्य को आंशिक हल्का करते हुए मलंजखंड ताम्र परयोजना की खुली खान और खेतड़ी की भूमिगत खान के खान विकास के लंबित कार्यों को भी 2004-05 में खत्म करने का प्रस्ताव है। संक्षेप में 2004-05 में कंपनी का सारा जोर अपनी आंतरिक शक्ति को बेहतर बनाने और लाभप्रदता को बनाए रखने पर होगा।

23. खनन पट्टे की स्थिति

केसीसी स्थित खेतड़ी, कोलिहान और चाँदमारी के खनन पट्टे क्रमशः 22. 2. 2013, 23. 11. 2016 और 26. 12. 2012 तक वैध हैं। मलंजखंड के खनन पट्टे सं. 1 एवं 2 (धातु खानों के लिए) 26. 8. 2013 तक वैध है। मलंजखंड में भूमिगत खनन के विकास के लिए दो और पट्टों (पट्टा सं. 3 और 4) की मंजूरी के लिए हि.कॉ.लि का आवेदन मध्य प्रदेश राज्य सरकार के पास प्रक्रियाधीन है। भूमिगत खान की विकास योजना सुनिश्चित करने में विलम्ब के कारण आवेदन पत्र लंबित है क्योंकि भारतीय खान ब्यूरो द्वारा अनुमोदन मंजूरी के लिए यह पूर्वापेक्षित है। आईसीसी के राखा खनन पट्टे के समर्पण के लिए 17.5.2002 को आवेदन झारखंड राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। राज्य सरकार के अन्तिम निर्णय की प्रतीक्षा है। आईसीसी के मुसाबनी खनन पट्टे की सभी खाने बंद कर दी गयी हैं, अतःसुरदा खान,जिसे वर्कर्स को-आपरेटिव द्वारा चलाया जाना प्रस्तावित हें, को छोड़कर खनन पट्टों का नवीकरण नहीं कराते हुए 15. 6. 2004 को उन्हें समाप्त हो जाने दिया गया। सुरदा खान को वर्कर्स को-आपरेटिव द्वारा चलाए जाने का सरकार का अनुमोदन 28. 5. 2004 को प्राप्त हुआ है, अतः को-आपरेटिव के पक्ष में खनन पट्टे के हस्तानांतरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई है।

24. निगमित प्रबंध

सेबी के निर्देशों तथा स्टॉक एक्सचेंज सूचीकरण अपेक्षा के अनुसार निगमित प्रबंधन के संबंध में एक रिपोर्ट निगमित प्रबंध पर सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा जारी प्रमाणपत्र के साथ अनुलग्नक-1 में प्रस्तुत है,जो इस रिपोर्ट का एक भाग है।

25. निदेशकों की जिम्मेदारी संबंधी विवरण

i. आपके निदेशक पुष्टि करते हैं 31 मार्च, 2004 को समाप्त अवधि के लिए वार्षिक लेखों को तैयार करते समय उपयुक्त लेखा मानकों को सामग्री संबंधी रवानगी/घट-बढ़ के यथोचित स्पष्टीकरणों के साथ अपनाया गया है।

ii. ऐसी लेखा नीतियों का चयन किया गया है तथा अपनाया गया है जो युक्तिसंगत एवं दूरदर्शी हैं तथा 31 मार्च, 2004 को समाप्त वर्ष के दौरान कंपनी के क्रिया कलापों तथा इसी वर्ष की कंपनी के लाभ-हानि की सही एवं निष्पक्ष राय देती हैं।

iii. कंपनी की आस्तियों को सुरक्षित रखने वाले तथा जालसाजी एवं अन्य अनियमितताओं का निरोध एवं पर्दाफाश करने वाले अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लेखा अभिलेखों की पर्याप्त देख रेख के लिए समुचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती जाती है।

iv. निदेशकों ने वार्षिक लेखों को कंपनी के चलने योग्य आधार पर तैयार किया था।

26. राष्ट्रपति से निर्देश

वर्ष 2003-2004 के दौरान कंपनी ने राष्ट्रपति से कोई निर्देश प्राप्त नहीं किया है।

27. निदेशक मंडल

कंपनी के पिछले प्रतिवेदन के पश्चात् निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए :

बोर्ड से अपना पद त्याग देने पर श्री एस. के. कर 25 जुलाई, 2003 से निदेशक (वित्त) नहीं रहे।

श्रीमती आदर्श मिश्रा 30. 9. 2003 से हि.कॉ.लि. की अंशकालिक सरकारी निदेशक नहीं रही और श्री मधुकर गुप्ता, तात्कालिक अपर सचिव (खान) 30. 9. 2003 से श्रीमती आदर्श मिश्रा के स्थान पर अंशकालिक सरकारी निदेशक बने। 2. 7. 2004 से श्री मधुकर गुप्ता हि.कॉ.लि. के निदेशक नहीं रहे।

श्री बी. के. मेनन 29. 11. 2003 से सेवानिवृत्ति वय प्राप्त करने पर कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नहीं रहे। श्री राणा सोम, निदेशक (कार्मिक) ने 29. 11. 2003 से कंपनी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का प्रभार संभाल लिया।

सर्वश्री वी. के. चनाना और एस. बी. कुचेरिया अपना कार्यकाल पूरा हो जाने पर 28. 5. 2004 से हि.कॉ.लि. के अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक नहीं रहे।

श्री आर. के. भार्गव, अपर सचिव (खान) 18. 8. 2004 से हि.कॉ.लि. के अंशकालिक सरकारी निदेशक नियुक्त किये गये।

निदेशक मंडल श्रीमती आदर्श मिश्रा, सर्वश्री मधुकर गुप्ता, वी के चनाना, एस बी कुचेरिया, बी के मेनन और एस के कर द्वारा हि.कॉ.लि. के बोर्ड में अपने कार्यकाल के दौरान दी गई बहुमूल्य सेवाओं और योगदान के लिए आभार व्यक्त करता है।

28. लेखा परीक्षक

मेसर्स दिनेश मेहता एंड कंपनी, नई दिल्ली तथा मेसर्स एम. सी. भंडारी एंड कंपनी, कोलकाता की वर्ष 2003-2004 में कंपनी के लेखों की लेखा परीक्षा हेतु संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्ति की गई।

केसीसी तथा आईसीसी में क्रमशः गंधकाम्ल के निर्माण संबंधी 2003-2004 के लागत लेखों की लेखा परीक्षा हेतु मेसर्स एच तारा एंड कंपनी, नई दिल्ली तथा श्री शेखर रंजन गुहा, कोलकाता की कंपनी के लागत लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्ति की गई।

लेखा परीक्षकों का पारिश्रमिक

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 224 के अनुसार भारत के लेखा नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक द्वारा धारा 619 के अंतर्गत नियुक्त किए जाने वाले लेखा परीक्षकों को पारिश्रमिक कंपनी द्वारा साधारण सभा में या साधारण सभा में जैसा कंपनी संकल्प करे, उस तरह निश्चित किया जाना है। अतः भारत के लेखा नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक की सिफारिश पर केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाने वाले वर्ष 2004-2005 के सांविधिक लेखा परीक्षकों की पारिश्रमिक निर्धारित करने के लिए शेयरधारकों के विचार हेतु साधारण कार्य व्यापार के तहत एक साधारण संकल्प की बोर्ड ने अनुशंसा की है।

29. लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक तथा सांविधिक लेखा परीक्षकों की टिप्पणियाँ तथा प्रबंधन का जवाब

इस प्रतिवेदन में कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(4) के अंतर्गत 31.3.2004 को समाप्त वर्ष में कंपनी के लेखों पर लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी तथा अपनी कंपनी के लेखों की ले. नि. एवं म. ले. परीक्षक द्वारा समीक्षा और सांविधिक लेखा परीक्षकों के विचार प्रबंधन के उन पर जवाब सहित संलग्न है।

30. कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2क) की अपेक्षानुसार कर्मचारियों का विवरण

कंपनी के किसी कर्मचारी ने कंपनी (कर्मचारियों का विवरण) नियम, 1975 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(2क) में निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त नहीं किया है।

31. कृतज्ञता ज्ञापन

अंत में आपके निदेशकगण समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कठिन परिश्रम करने वाले सभी कर्मचारियों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। निदेशक मंडल भारत सरकार के कोयला एवं खान मंत्रालय तथा अन्य मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त बहुमूल्य सहयोग एवं मार्गदर्शन तथा राजस्थान, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल राज्य सरकारों, कंपनी के बैंकरों, लेखा परीक्षकों, ले. नि. एवं म. ले. प., ग्राहकों तथा विभिन्न परियोजनाओं के मान्यताप्राप्त श्रमिक संघों के पदाधिकारियों से प्राप्त सहायता के लिए भी कृतज्ञता ज्ञापित करता है।

कृते निदेशक मंडल और उसकी ओर से

राणा सोम
कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दिनांक : 26 अगस्त, 2004
स्थान : नई दिल्ली

निदेशक मंडल के प्रतिवेदन का अनुलग्नक – I

निगमित प्रबंध पर रिपोर्ट

सूचीबद्धता करार के खंड 49 के अनुसार निगमित प्रबंध के प्रावधानों के अनुपालन की रिपोर्ट नीचे प्रस्तुत है।

निगमित प्रबंध पर कंपनी का दर्शन

अच्छे निगमित प्रबंध का मतलब अच्छी कारोबार प्रथाएं अपनाना है ताकि कंपनी केवल नियामक रूपरेखा में ही न चले बल्कि आचार नीति से भी मार्गदर्शन प्राप्त करे। ऐसी निगमित प्रथाएं कंपनी के प्रभारी के उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने के साथ-साथ निवेशकों, ग्राहकों, ऋणदाताओं, कर्मचारियों और समाज को भी काफी लाभ पहुँचाती है।

अधिदेशात्मक आवश्यकताएं

1. निदेशक मंडल

(क) बोर्ड का गठन :

रिपोर्ट तिथि को कंपनी के निदेशक मंडल में तीन निदेशक शामिल हैं - निदेशक (कार्मिक) जो कार्यकारी अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक भी हैं और दो सरकारी निदेशक। तीन अंशकालिक गैर सरकारी निदेशकों और तीन पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशकों यथा नियमित अ.प्र.नि., निदेशक (वित्त) और निदेशक (प्रचालन) के पद रिक्त पड़े हैं। बोर्ड के सदस्यों की नियुक्ति तथा सम्यक गठन के विषय को भारत सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

निदेशक मंडल के सदस्यों का निदेशक पारिश्रमिक प्राप्ति को छोड़कर कंपनी, इसके प्रमोटरों के साथ कोई भौतिक द्रव्य विषयक संबंध या लेन देन नहीं है जो बोर्ड के निर्णय में निदेशकों के निर्णय की स्वतंत्रता को प्रभावित करे।

बोर्ड सदस्यों का विवरण नीचे दिया गया है :-

नाम	निदेशक की श्रेणी	बाहरी निदेशकता की संख्या	बाहरी समिति में धारित उच्च पद की सं.	
			अध्यक्ष	सदस्य
कार्यपालक				
श्री राणा सोम, नि.(का.) एवं कार्यकारी अ.प्र.नि.	कार्यकारी	–	–	–
श्री बी.के.मेनन, अ.प्र.नि. (29.11.03 तक)	कार्यकारी	–	–	–
श्री एस. के. कर, नि. वित्त (23.7.03 तक)	कार्यकारी	–	–	–
गैर कार्यपालक/स्वतंत्र				
श्रीमती आदर्श मिश्रा (30.9.03 तक)	अंशकालिक सरकारी	–	–	–
डॉ. सुतनु बेहुरिया (1.7.03 तक)	अंशकालिक सरकारी	5	–	–
श्री हेम पांडे (1.7.03 से)	अंशकालिक सरकारी	2	–	2
श्री मधुकर गुप्ता (2.7.04 तक)	अंशकालिक सरकारी	–	–	–
श्री आर. के. भार्गव (18.8.04 से)	अंशकालिक सरकारी	–	–	–
श्री वी. के. चनाना (28.5.04 तक)	अंशकालिक गैर सरकारी	8	—	2
श्री एस. बी. कुचेरिया (28.5.04 तक)	अंशकालिक गैर सरकारी	3	2	2

(ख) निदेशकों की उपस्थिति

वर्ष 2003-2004 के दौरान बोर्ड की बैठकों में तथा पिछली साधारण सभा में निदेशकों की उपस्थिति नीचे दी गई है :

निदेशकों के नाम	8 बोर्ड बैठकों में से उपस्थिति दर्ज की गई बैठक (कों) की सं.	पिछली वार्षिक साधारण सभा में उपस्थिति
श्री बी. के. मेनन	6	उपस्थित
श्री एस. के. कर	3	–
श्री राणा सोम	8	उपस्थित
श्रीमती आदर्श मिश्रा	2	–
श्री मधुकर गुप्ता	3	–
डॉ. सुतनु बेहुरिया	1	–
श्री हेम पांडे	6	–
श्री वी. के. चनाना	6	–
श्री एस. बी. कुचेरिया	6	–

वर्ष 2003-2004 के दौरान आठ बोर्ड बैठकें 1.5.2003, 13.6.2003, 23.7.2003, 15.9.2003, 21.10.2003, 10.11.2003, 10.2.2004, 26.3.2004 को हुई तथा बोर्ड के अधिकांश सदस्य उपस्थित हुए। तथापि जो निदेशक पूर्वव्यस्तता के कारण बैठक में भाग नहीं ले पाए, उनकी अनुपस्थिति छुट्टी को मंजूर कर लिया गया।

(ग) बोर्ड की प्रक्रिया

बोर्ड की बैठकें आमतौर पर दिल्ली में होती हैं। बोर्ड की प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक बैठक होती है जिसमें रणनीति निर्माण, नीति एवं नियंत्रण, अधिकारों का प्रतिनिधान तथा तिमाही परिणामों का अनुमोदन, वार्षिक प्रचालन योजना तथा बजट, इकाइयों के कार्य निष्पादन की समीक्षा तथा आवश्यक सांविधिक विषयों पर विचार किया जाता है। बैठक की कार्यसूची अ.प्र.नि./कार्यकारी निदेशकों की परामर्श से कंपनी सचिव तैयार करते हैं और बोर्ड कागजात निदेशकों को अग्रिम ही वितरित कर दिए जाते हैं। बोर्ड के सदस्यों की पहुँच सभी सूचनाओं तक होती है और वे कार्यसूची में विचार के लिए किसी विषय को शामिल करने की सिफारिश करने के लिए स्वतंत्र होते हैं। कंपनी के वरिष्ठ कार्यपालकों को बैठक में उपस्थित होने का आमंत्रण दिया जाता है और जरूरत होने पर वे स्पष्टीकरण प्रदान करते हैं। अंशकालिक निदेशक बोर्ड बैठकों में चर्चा के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं तथा वित्त, विपणन, विधि, लोक नीति और प्रचालन के क्षेत्र में अपना विस्तृत अनुभव कंपनी के सम्मुख रखते हैं।

कंपनी की 4 (चार) प्रचालनरत इकाइयों खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स (केसीसी), इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स (आईसीसी), मलंजखंड ताम्र परियोजना (मताप) तथा तलोजा ताम्र परियोजना (ततप) का नेतृत्व इकाई-प्रधान करते हैं, जो कार्यकारी निदेशकों एवं अ.प्र.नि. की व्यापक देखरेख में काम करते हैं।

(घ) निदेशकों का पारिश्रमिक

(i) अंशकालिक निदेशकों की सिटिंग फीस

खान मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने वाले अंशकालिक सरकारी निदेशक तथा पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक सिटिंग फीस के हकदार नहीं हैं। अंशकालिक गैर सरकारी निदेशकों को प्रत्येक बोर्ड बैठक के लिए रु. 800/- की दर से और प्रत्येक समिति बैठक के लिए रु. 400/- की दर से सिटिंग फीस प्रदान की जाती है। अंशकालिक गैर सरकारी निदेशकों को 1. 4. 2003 से 31. 3. 2004 की अवधि के दौरान प्रदत्त सिटिंग फीस निम्न प्रकार थी :

गैर सरकारी अंशकालिक निदेशक	बोर्ड बैठक के लिए (रु.)	समिति बैठक के लिए (रु.)
श्री वी. के. चनाना	4800	800
श्री एस. बी. कुचेरिया	4800	1200

(ii) पूर्णकालिक निदेशकों को पारिश्रमिक

2003-2004 के दौरान पूर्णकालिक निदेशकों को प्रदत्त पारिश्रमिक का विवरण इस प्रकार रहा :

निदेशकों का पारिश्रमिक	(लाख रु. में)
वेतन एवं भत्ते	5.21
भविष्य निधि में अंशदान	0.62
चिकित्सा एवं छुट्टी नकदीकरण	1.91
उपदान	1.04
कुल	8.78

2. लेखा परीक्षा समिति

3 अंशकालिक निदेशकों को लेकर बोर्ड ने लेखा परीक्षा समिति का गठन किया है। 31 मार्च, 2004 को समिति के सदस्य थेः श्री एस. बी. कुचेरिया यथा अध्यक्ष और सर्वश्री हेम पांडे और वी. के. चनाना यथा सदस्य। अ.प्र.नि. और प्रधान (वित्त) विशेष आमंत्रित के रूप में बैठक में आते हैं तथा कंपनी सचिव बैठक का संचालन करते हैं। लेखा परीक्षा समिति के विचारार्थ विषय सूचीबद्धता करार के खंड 49 तथा कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार हैं। लेखा परीक्षा समिति का गठन कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 292 क की अपेक्षाओं को भी पूरा करता है। वर्ष के दौरान लेखा परीक्षा समिति की 3 बैठकें 2.5.2003, 23.7.2003 तथा 10.2.2004 को हुई थी और बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति इस प्रकार थी :

सदस्य का नाम	लेखा परीक्षा समिति की आयोजित 3 बैठकों में उपस्थिति की संख्या
श्री एस. बी. कुचेरिया	3
डॉ. सुतनु बेहुरिया	1
श्री हेम पांडे	2
श्री वी. के. चनाना	2

3. पारिश्रमिक समिति

सरकारी कंपनी होने के कारण निदेशकों की नियुक्ति के लिए पारिश्रमिक, नियम एवं शर्तें भारत सरकार द्वारा तय की जाती हैं। अतः कंपनी द्वारा कोई पारिश्रमिक समिति गठित नहीं की गई है।

4. निवेशक शिकायत समिति

तीन अंशकालिक निदेशकों को समाविष्ट करते हुए बोर्ड ने शेयरधारकों/निदेशकों की शिकायत समिति का गठन किया था। 31 मार्च, 2004 को समिति के सदस्य थेः श्री एस. बी. कुचेरिया अध्यक्ष के रूप में तथा सर्वश्री हेम पांडे एवं वी.के.चनाना सदस्य के रूप में। कंपनी सचिव बैठक का संचालन करते हैं। समिति शेयर अंतरण, तुलन पत्र का न मिलना और डुप्लीकेट शेयरों को जारी करने आदि से संबंधित शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायतों के निवारण की जाँच करती है। 31.3.2004 को बकाया शिकायत शून्य थी। वर्ष के दौरान कोई बैठक नहीं हुई।

5. शेयर अंतरण समिति

कंपनी में सभी कार्यकारी निदेशकों को शामिल कर शेयर/बांड अंतरण समिति नामक बोर्ड की एक उप समिति पहले से ही विद्यमान है। 2003-2004 के दौरान समिति ने 12 (बारह) बार 22. 4. 2003, 22. 5. 2003, 25. 6. 2003, 26. 7. 2003, 26. 8. 2003, 26. 9. 2003, 28. 10. 2003, 27. 11. 2003, 26.12. 2003, 27. 1. 2004, 23. 2. 2004, 29. 3. 2004 को बैठक की तथा शेयरों, बांडों के अंतरण/अग्रेषण तथा डुप्लीकेट सर्टिफिकेट को जारी करने आदि का अनुमोदन किया। सूचीबद्धता करार खण्डों के अनुसार कंपनी सचिव को अनुपालन अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। 31.3.2004 को शेयर/बांड अंतरण का कोई मामला लंबित नहीं था।

6. साधारण सभा

विगत 3 वित्तीय वर्षों के दौरान हुई साधारण सभा के स्थान तथा समय निम्न प्रकार थे :

वर्ष	वार्षिक साधारण सभा			विशेष साधारण सभा		
	तिथि	स्थान	समय	तिथि	स्थान	समय
2001	28.12.2001	कोलकाता	अपराह्न 3.30 बजे	7.6.2001	कोलकाता	अपराह्न 4.00 बजे
2002	27.09.2002	कोलकाता	अपराह्न 3.30 बजे	20.2.2002	कोलकाता	अपराह्न 4.30 बजे
2003	30.09.2003	कोलकाता	अपराह्न 4.00 बजे	–	–	–

विगत वर्ष कोई विशेष संकल्प मतपत्रों द्वारा नहीं रखा गया।

7. प्रकटीकरण

वर्ष 2003-2004 के दौरान कंपनी ने निदेशकों के साथ ऐसा कोई द्रव्यात्मक प्रकृति का लेनदेन नहीं किया है जो कंपनी के हितों के प्रतिकूल होने की संभावना रखने में स्वतंत्र हो। कंपनी पर स्टाक एक्सचेंज अथवा सेबी द्वारा पूँजी बाजार से संबंधित किसी भी विषय में दण्ड, आक्षेप नहीं लगाया गया।

8. संचार माध्यम

कंपनी अपने शेयरधारियों से अपनी वार्षिक रिपोर्ट, वित्तीय परिणामों के प्रकाशन तथा सभी सांविधिक निकायों में रिपोर्टों एवं रिटर्नों की प्रस्तुती एवं फाइलिंग के माध्यम से संवाद करती है। 2003-2004 के दौरान अलेखापरीक्षित कार्यकारी परिणाम फाइनेंसियल एक्सप्रेस (अंग्रेजी समाचार पत्र) तथा संवाद प्रतिदिन (बंगला समाचार पत्र) में कंपनी द्वारा प्रकाशित कराए गए थे।

9. सामान्य सूचना

i) 37 वीं वार्षिक साधारण सभा

तिथि	:	30.9.2004
समय	:	अपराह्न 4.00 बजे
स्थान	:	ताम्र भवन, 1 आशुतोष चौधरी एवेन्यू, कोलकाता - 700 019

ii) वित्त वर्ष 2004-2005 (अनन्तिम)

तिमाही परिणाम

30 जून, 2004 का	:	जुलाई, 2004 का 4 था सप्ताह
30 सितम्बर, 2004 का	:	अक्तूबर, 2004 का 4 था सप्ताह
31 दिसम्बर, 2004 का	:	जनवरी, 2005 का 4 था सप्ताह
31 मार्च, 2005 का	:	अप्रैल, 2005 का 4 था सप्ताह

iii) बही-बन्दी तिथि : 24.9.2004 से 29.9.2004 (दोनों तिथियों के साथ)

iv) स्टॉक कोड के साथ शेयर बाजारों में ईक्विटी शेयरों का सूचीकरण :

कोलकाता	–	18067
मुम्बई	–	13699
दिल्ली	–	6917
चेन्नई	–	हिन्दकॉपर
अहमदाबाद	–	24709 / हिन्दुस्ताकॉ

उपरोक्त सभी स्टॉक एक्सचेंजों को 2004-2005 का वार्षिक सूचीकरण शुल्क का भुगतान कर दिया गया है।

v) शेयर बाजार मूल्य आँकड़े : वित्त वर्ष 2003-2004 के दौरान मुंबई शेयर बाजार (बीएसई) में कारोबार हुए शेयरों का मासिक उच्च और निम्न भाव:

मास	उच्च (रु.)	निम्न (रु.)
अप्रैल, 2003	26.45	26.00
मई, 2003	35.90	27.50
जून, 2003	38.00	32.50
जुलाई, 2003	48.05	34.90
अगस्त, 2003	41.00	36.46
सितम्बर, 2003	40.00	33.00
अक्तूबर, 2003	44.86	30.00
नवम्बर, 2003	40.40	33.00
दिसम्बर, 2003	42.50	39.00
जनवरी, 2004	70.00	45.11
फरवरी, 2004	47.40	44.15
मार्च, 2004	43.71	35.00

vi) शेयरों का डिमैटिरियलाइजेशन:

कंपनी के शेयर इलेक्ट्रानिक विधि में अनिवार्य रूप से कारोबार योग्य है और राष्ट्रीय प्रतिभूति भंडार लि. (एनएसडीएल) और केन्द्रीय भंडार सेवा (भारत) लि. (सीडीएसएल) दोनों भंडार में कारोबार के लिए उपलब्ध है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभूति शिनाख्त संख्या (आईएसआईएन) कंपनी के ईक्विटी शेयर के लिए 11.9.02 से आई एन ई 531 ई 01018 आबंटित की गई है। 31.3.04 को डिमैटिरियलाइजेशन की स्थिति इस प्रकार थी।

विवरण	शेयरों की सं.	धारिता का %	फोलियों सं.
डिमैट :			
क) एन एस डी एल	33,33,400	0.919	664
ख) सी डी एस एल	–	–	–
भौतिक :			
क) भारत सरकार	35,90,78,800	98.953	1
ख) अन्य	4, 65,800	0.128	1892
कुल :	36,28,78,000	100.000	2557

vii) 31 मार्च, 2004 को शेयरधारिता प्रतिमान :

	श्रेणी	धारित शेयरों की सं.	%
1.	भारत के राष्ट्रपति	35,90,79,500	98.953
2.	म्युचुअल फंड	9,70,400	00.267
3.	वित्तीय संस्थान	18,94,600	00.522
4.	निजी निगमित निकाय	1,93,617	00.0534
5.	कर्मचारियों सहित भारतीय जनता	7,39,883	1.3046
	कुल :	36,28,78,000	100.00

viii) 31 मार्च, 2004 को शेयरधारिता का वितरण:

विस्तृति		शेयर	फोलियो	% शेयर
1	500	436417	2357	0.1203
501	1000	78000	93	0.0215
1001	2000	77700	51	0.0214
2001	3000	37300	15	0.0103
3001	4000	17883	5	0.0049
4001	5000	42200	9	0.0116
5001	10000	55900	8	0.0154
10001	50000	189100	10	0.0521
50001	100000	54300	1	0.0150
100001	एवं अधिक	361889200	8	99.7275
कुल		362878000	2557	100.0000

ix) शेयर अंतरण प्रणाली

कंपनी द्वारा प्राप्त शेयर अंतरण के आवेदनों पर कार्रवाई की जाती है तथा शेयर बाजारों के निर्दिष्ट सूचीकरण मानकों के तहत आवेदन प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर प्रमाण पत्र प्रेषित कर दिए जाते हैं।

x) रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता

कंपनी का ताम्र भवन, 1 आशुतोष चौधरी एवेन्यू, कोलकाता में अपने निगमित एवं पंजीकृत कार्यालय में पूर्ण विकसित शेयर कक्ष है। तथापि डिमैट से संबंधित सभी शेयरों के मामलों और कंप्यूटर में सारे रिकार्ड की देखभाल पर ध्यान देने के लिए कंपनी ने मेसर्स एमसीएस लि., 77/2 ए हाजरा रोड, कोलकाता - 700 029 को नियुक्त किया है।

xi) संयंत्र स्थान

इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स
पो. आ. घाटशिला
जिला - सिंहभूम
झारखंड

खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स
पो. आ. खेतड़ीनगर
जिला - झुन्झुनू
राजस्थान

मलंजखंड ताम्र परियोजना
पो. आ. मलंजखंड
जिला - बालाघाट
मध्य प्रदेश

तलोजा ताम्र परियोजना
पो. आ. तलोजा
जिला - रायगढ़
महाराष्ट्र

xii) पत्राचार का पता

शेयरधारक अपेक्षित सूचना के लिए कंपनी सचिव, हि. कॉ. लि. निगमित कार्यालय, 1, आशुतोष चौधरी एवेन्यू, कोलकाता - 700 019 को लिखें या अपनी जिज्ञासा हिन्दकॉप@बीएसएनएल.काम में ई-मेल करें।

अनधिदेशात्मक आवश्यकताएं

(क) अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समेत कंपनी के सभी पूर्णकालिक निदेशक भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं तथा उनकी नियुक्ति की शर्तों के तहत ही उन्हें पारिश्रमिक प्रदान किया जाता है। अतः कंपनी ने निदेशकों के पारिश्रमिक के संबंध में नीति निर्धारण के लिए कोई पारिश्रमिक समिति नहीं बनाई है।

(ख) बोर्ड के अध्यक्ष कंपनी के एक पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक हैं। उन्हें वही सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं जो भारत सरकार द्वारा उनकी नियुक्ति के नियमों एवं शर्तों के अधीन स्वीकृत हैं।

(ग) वित्तीय कार्य-निष्पादन की तिमाही घोषणा तथा महत्वपूर्ण घटनाओं का सारांश प्रेस विज्ञापनों के माध्यम से शेयरधारकों को अवगत करा दिया जाता है।

निगमित प्रबंध पर अनुपालन प्रमाण पत्र

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड
कोलकाता के सदस्यों

31.3.2004 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी द्वारा शेयर बाजार (रों) के साथ किए गए सूचीबद्धता करार के खंड 49 में अनुबंधित हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड द्वारा निगमित प्रबंध की शर्तों के अनुपालन की हमने जाँच की है।

निगमित प्रबंध की शर्तों का अनुपालन प्रबंधन का दायित्व है। हमारी जाँच कंपनी द्वारा निगमित प्रबंध की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अपनायी गयी प्रक्रिया और कार्यान्वयन तक सीमित थी। कंपनी के वित्तीय विवरण पर यह न तो लेखा परीक्षा है न ही राय की अभिव्यक्ति है।

हमारी राय में तथा अधिकतम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार हम एतद् द्वारा प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने उपर्युक्त उल्लेखित सूचीबद्धता करार में अनुबंधित निगमित प्रबंध की शर्तों का अनुपालन किया हैं।

हमारी राय में तथा अधिकतम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार हम एतद् प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने उपर्युक्त उल्लेखित सूचीबद्धता करार में अनुबंधित निगमित प्रबंध की शर्तों का अनुपालन किया है।

हम बयान करते हैं कि शेयर धारक/निवेशक शिकायत समिति द्वारा रखे गए रिकार्ड के अनुसार कंपनी के विरूद्ध एक माह से अधिक समय तक लंबित कोई निवेशक शिकायत नहीं है।

हम और भी बयान करते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो कंपनी की भावी व्यावहारिकता के रूप में कोई आश्वासन है न ही प्रबंधन द्वारा संचालित कंपनी के कार्यों के संबंध में दक्षता या प्रभावशालिता है।

कृते तथा की ओर से

दिनेश मेहता एंड कं.
सनदी लेखाकार

हिरेन मेहता
साझेदार

एम. सी. भंडारी एंड कं.
सनदी लेखाकार

एम. आर. जैन
साझेदार

दिनांक : 26 अगस्त, 2004
स्थान : कोलकाता

निदेशक मंडल के प्रतिवेदन का परिशिष्ट

सांविधिक लेखा परीक्षकों की टिप्पणियाँ (संदर्भ : सांविधिक लेखा परीक्षकों की दिनांक 26 अगस्त, 2004 की रिपोर्ट) तथा कंपनी का स्पष्टीकरण

लेखा परीक्षकों की टिप्पणी सं.	विषय	कंपनी का स्पष्टीकरण
4(घ)(1)	समय बहाव के लिए स्थायी आस्तियों पर मूल्यह्रास संबंधी लेखा प्राचल सं. 6 को प्राथमिकता।	यह लेखा नीतियाँ सं. 4.1 के और लेखा की टिप्पणी सं. 7 में स्पष्ट किए अनुसार है।
4(घ)(2)	दो इकाइयों को छोड़कर पूँजीकृत अतिरिक्त पुर्जे/बीमाकृत अतिरिक्त पुर्जों की प्रकृति के मशीनी अतिरिक्त पुर्जों की शिनाख्त नहीं की गयी है।	लेखा की टिप्पणी सं. 21 में इस संबंध में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।
5(2)	खानों एवं संयंत्रों में लागू विद्युत शुल्क की दरों के अन्तर के अप्रभारित रु. 61420 हजार।	लेखा की टिप्पणी सं. 9 में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।
5(3)	लघु उद्योगों के समय पश्चात भुगतान पर ब्याज का प्रावधान नहीं होना।	लेखा की टिप्पणी सं. 6 में इसे स्पष्ट कर दिया गया है।
5(4)	बकाया ईंधन सरचार्ज पर ब्याज देयता का प्रावधान नहीं होना।	लेखा की टिप्पणी सं. 10 में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।
5(7)	बेकार स्थायी आस्तियों के लिए बनाए गए प्रावधानों की पर्याप्तता या अन्य।	लेखा की टिप्पणी सं. 12 में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 28 सितम्बर, 2004

राणा सोम
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

निदेशक मंडल के प्रतिवेदन का परिशिष्ट

